**Code No.** **कोड नं.** **58/1/1**

- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र

***Time allowed : 3 Hours*** — ***Maximum Marks : 100***

***निर्धारित समय : 3 घण्टे*** — ***अधिकतम अंक : 100***

***General Instructions :***

*(i)* *All questions in both the sections are compulsory.*

*(ii)* *Marks for questions are indicated against each.*

*(iii)* *Question Nos.* ***1*** *and* ***13*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark for each part. They are required to be answered in one sentence each.*

*(iv)* *Question Nos.* ***2-5*** *and* ***14-17*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to them should not normally exceed* ***60*** *words each.*

*(v)* *Question Nos.* ***6-9*** *and* ***18-21*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answer to them should not normally exceed* ***70*** *words each.*

*(vi)* *Question Nos.* ***10-12*** *and* ***22-24*** *are long-answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answer to them should not normally exceed* ***100*** *words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limits be adhered to as far as possible.*

*(viii)* *All parts of a question should be answered at one place.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *तथा* ***13*** *अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनका प्रत्येक भाग* ***1*** *अंक का है। इनका उत्तर केवल एक वाक्य में ही दिया जाना है।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***2-5*** *और* ***14-17*** *लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के* ***3*** *अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***60*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***6-9*** *और* ***18-21*** *भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के* ***4*** *अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***70*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***10-12*** *और* ***22-24*** *व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के* ***6*** *अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाएँ।*

*(viii)* *प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर एक ही स्थान पर दिया जाना चाहिए।*

## SECTION - A

## खण्ड - अ

1. Answer the following questions : **4×1**

(i) Define market supply.

(ii) What is meant by producer's equilibrium ?

(iii) Define marginal physical product.

(iv) Define equilibrium price.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) बाजार पूर्ति की परिभाषा दीजिए।

(ii) उत्पादक के संतुलन का क्या अर्थ है ?

(iii) सीमान्त भौतिक उत्पाद की परिभाषा दीजिए।

(iv) संतुलन कीमत की परिभाषा दीजिए।

2. State **any three** causes of a rightward shift of demand curve of a commodity. **3**

एक वस्तु के माँग वक्र के दायीं ओर खिसकने के पीछे **कोई तीन** कारण बताइए।

3. State the geometric method of measuring price elasticity of supply (in case of straight line supply curve). **3**

पूर्ति की कीमत लोच के मापन की ज्यामितीय विधि बताइए। (पूर्ति वक्र के एक सीधी रेखा होने की स्थिति में)

4. What is the relationship between marginal cost and average variable cost ? **3**

सीमान्त लागत और औसत परिवर्ती लागत के बीच क्या सम्बन्ध है ?

5. State **three** main features of perfect competition. **3**

पूर्ण प्रतियोगिता की **तीन** मुख्य विशेषताएँ बताइए।

6. Complete the following table :

| **Output (units)** | **Price (Rs.)** | **Total Revenue (Rs.)** | **Marginal Revenue (Rs.)** |
|---|---|---|---|
| 1 | 12 | — | — |
| 2 | 10 | — | — |
| 3 | 8 | — | — |
| 4 | 6 | — | — |

**4**

निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए :

| **उत्पादन (इकाइयाँ)** | **कीमत (रु.)** | **कुल संप्राप्ति (आगम) (रु.)** | **सीमान्त संप्राप्ति (आगम) (रु.)** |
|---|---|---|---|
| 1 | 12 | — | — |
| 2 | 10 | — | — |
| 3 | 8 | — | — |
| 4 | 6 | — | — |

7. Distinguish between 'change in supply' and 'change in quantity supplied' of a commodity. (Use diagrams) **4**

**OR**

Explain **any two** determinants of supply of a commodity.

एक वस्तु की 'पूर्ति में परिवर्तन' और 'पूर्ति की मात्रा में परिवर्तन' में भेद कीजिए। (रेखाचित्रों का प्रयोग कीजिए)

**अथवा**

वस्तु की पूर्ति के **किन्हीं दो** निर्धारकों की व्याख्या कीजिए।

8. Explain the problem of 'what to produce' with the help of an example. **4**

'क्या उत्पादन करें' की समस्या एक उदाहरण की सहायता से समझाइए।

9. The quantity demanded of a commodity at a price of Rs. 8 per unit is 600 units. Its price falls by 25 percent and quantity demanded rises by 120 units. Calculate its price elasticity of demand. Is its demand elastic ? Give reason for your answer. **4**

एक वस्तु की कीमत 8 रु. प्रति इकाई है और उसकी माँग की गई मात्रा 600 इकाई है। इसकी कीमत 25 प्रतिशत कम हो जाती है और माँग की गई मात्रा 120 इकाई बढ़ जाती है। इसकी माँग की गई कीमत लोच का परिकलन कीजिए। क्या इसकी माँग लोचदार है ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए।

10. Explain consumer's equilibrium, in case of a single commodity, with the help of a utility schedule. **6**

**OR**

How is the demand of a commodity affected by changes in the price of related goods ? Explain with the help of diagrams.

एक ही वस्तु की स्थिति में, उपयोगिता अनुसूची (तालिका) की सहायता से उपभोक्ता के संतुलन की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

एक वस्तु की माँग सम्बन्धित वस्तुओं की कीमत में परिवर्तनों से कैसे प्रभावित होती है ? रेखाचित्रों की सहायता से समझाइए।

11. Explain the law of variable proportions with the help of total and marginal physical product curves. **6**

कुल और सीमान्त भौतिक उत्पाद वक्रों की सहायता से परिवर्ती अनुपातों के नियम की व्याख्या कीजिए।

12. How does an **increase** in demand of a commodity affect its equilibrium price and equilibrium quantity ? Explain with the help of a diagram. **6**

एक वस्तु की माँग में **वृद्धि** उसकी संतुलन कीमत और संतुलन मात्रा को कैसे प्रभावित करती है ? एक रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।

## SECTION - B

## खण्ड - ब

13. Answer the following questions :

(i) Why is repayment of loan a capital expenditure ?

(ii) Define macroeconomics

(iii) What is meant by balance of trade ?

(iv) Give **two** examples of microeconomic studies. **4×1**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) ऋण की वापसी (अदायगी) एक पूँजीगत व्यय क्यों है ?

(ii) समष्टि अर्थशास्त्र की परिभाषा दीजिए।

(iii) व्यापार शेष का क्या अर्थ है ?

(iv) व्यष्टि आर्थिक अध्ययनों के **दो** उदाहरण दीजिए।

14. From the following data about firm 'X', calculate **gross value added at factor cost** by it :

| | | **Rs. (in thousands)** | |
|---|---|---|---|
| (i) | Sales | 500 | |
| (ii) | Opening stock | 30 | |
| (iii) | Closing stock | 20 | |
| (iv) | Purchase of intermediate products | 300 | |
| (v) | Purchase of machinery | 150 | |
| (vi) | Subsidy | 40 | **3** |

'X' फर्म के बारे में दिए गए निम्नलिखित आँकड़ों से उसके द्वारा किया गया **कारक (साधन) लागत पर सकल वर्धित मूल्य** (मूल्य वृद्धि) का परिकलन कीजिए।

| | | **रु. (हजारों में)** |
|---|---|---|
| (i) | बिक्री | 500 |
| (ii) | प्रारम्भिक स्टॉक | 30 |
| (iii) | अन्तिम स्टॉक | 20 |
| (iv) | मध्यवर्ती उत्पादों का क्रय | 300 |
| (v) | मशीनों का क्रय | 150 |
| (vi) | आर्थिक सहायता | 40 |

15. Explain the meaning of deflationary gap with the help of a diagram. **3**

अवस्फीति अन्तराल का अर्थ एक रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।

16. What is meant by revenue deficit ? What are its implications ? **3**

राजस्व घाटे का क्या अर्थ है ? इससे क्या समस्याएँ उत्पन्न होती हैं ?

17. Complete the following table :

| **Level of income (Rs.)** | **Consumption expenditure (Rs.)** | **Marginal propensity to consume** | **Marginal propensity to save** | |
|---|---|---|---|---|
| 400 | 240 | — | — | |
| 500 | 320 | — | — | |
| 600 | 395 | — | — | |
| 700 | 465 | — | — | **3** |

निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए :

| **आय का स्तर (रु.)** | **उपभोग व्यय (रु.)** | **सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति** | **सीमान्त बचत प्रवृत्ति** |
|---|---|---|---|
| 400 | 240 | — | — |
| 500 | 320 | — | — |
| 600 | 395 | — | — |
| 700 | 465 | — | — |

18. State the main functions of a central bank. **4**

केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्य बताइए।

19. What is meant by visible and invisible items in the Balance of Payments account ? Give **two** examples of invisible items. **4**

**OR**

What is meant by foreign exchange rate ? Give **three** reasons why people desire to have foreign exchange.

भुगतान संतुलन खाते की दृश्य और अदृश्य मदों का क्या अर्थ है ? अदृश्य मदों के दो उदाहरण दीजिए।

**अथवा**

विदेशी मुद्रा दर का क्या अर्थ है ? **तीन** कारण दीजिए कि क्यों लोग विदेशी मुद्रा प्राप्त करना चाहते हैं।

20. Explain **any two** functions of a commercial bank. **4**

वाणिज्य (व्यावसायिक) बैंक के **किन्हीं दो** मुख्य कार्यों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

21. Distinguish between :

(i) Revenue receipts and capital receipts.

(ii) Direct tax and indirect tax. **4**

निम्नलिखित में अंतर बताइए :

(i) राजस्व प्राप्तियाँ और पूँजीगत प्राप्तियाँ

(ii) प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर

22. From the following data, calculate :

(a) Personal disposable income and

(b) National income

| | | Rs. (in crores) |
|---|---|---|
| (i) | Private income | 3,000 |
| (ii) | Compensation of employees | 800 |
| (iii) | Mixed income of self employed | 900 |
| (iv) | Net factor income from abroad | (—) 50 |
| (v) | Net retained earnings of private enterprises | 600 |
| (vi) | Rent | 350 |
| (vii) | Profit | 600 |
| (viii) | Consumption of fixed capital | 200 |
| (ix) | Direct taxes paid by households | 300 |
| (x) | Corporation tax | 350 |
| (xi) | Net indirect taxes | 250 |
| (xii) | Net exports | (—) 70 |
| (xiii) | Interest | 450 |

**3, 3**

निम्नलिखित आँकड़ों से (अ) वैयक्तिक प्रयोज्य आय और (ब) राष्ट्रीय आय का परिकलन कीजिए :

| | | **रु. (करोड़ों में)** |
|---|---|---|
| (i) | निजी आय | 3,000 |
| (ii) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 800 |
| (iii) | स्व-नियोजितों की मिश्रित आय | 900 |
| (iv) | विदेशों से निवल (शुद्ध) कारक (साधन) आय | (—) 50 |
| (v) | निजी उद्यमों की निवल प्रतिधारिता (अवितरित) आय | 600 |
| (vi) | किराया | 350 |
| (vii) | लाभ | 600 |
| (viii) | स्थायी (अचल) पूँजी अवक्षय (का उपयोग) | 200 |
| (ix) | परिवारों द्वारा दिया गया प्रत्यक्ष कर | 300 |
| (x) | निगम कर | 350 |
| (xi) | निवल (शुद्ध) अप्रत्यक्ष कर | 250 |
| (xii) | निवल (शुद्ध) निर्यात | (—) 70 |
| (xiii) | ब्याज | 450 |

23. Explain the working of investment multiplier with the help of a numerical example. **6**

**OR**

In an economy planned savings exceed planned investment. How will the equality between the two be achieved ? Explain.

निवेश गुणक की प्रक्रिया एक संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से समझाइए।

**अथवा**

एक अर्थव्यवस्था में नियोजित बचत नियोजित निवेश से अधिक है। इन दोनों में समानता कैसे स्थापित होगी ? समझाइए।

24. Distinguish between the following giving suitable examples in support of your answer : **3, 3**

(i) Domestic product and national product

(ii) Intermediate product and final product

अपने उत्तर के समर्थन में उपयुक्त उदाहरण देते हुए निम्नलिखित में भेद कीजिए :

(i) देशीय (घरेलू) उत्पाद और राष्ट्रीय उत्पाद

(ii) मध्यवर्ती उत्पाद और अन्तिम उत्पाद